# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd. (निबंधन संख्या–1210313) At- A-26, Ashok Puri Colony, Khajpura, Bailey Road, P.O- Veterinary College Patna, Dist-Patna, द्वारा काली सूची में दर्ज होने के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन (दिनांक 07.08.2023) के सापेक्ष सुनवाई के सम्बन्ध में:–

12/03/2024

## आदेश

संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd. (निबंधन संख्या–1210313) At- A-26, Ashok Puri Colony, Khajpura, Bailey Road, P.O- Veterinary College Patna, Dist-Patna एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, आरा उपस्थित।

प्रस्तुत मामला का संक्षिप्त इतिहास यह है कि संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd. At- A-26, Ashok Puri Colony, Khajpura, Bailey Road, P.O- Veterinary College Patna, Dist-Patna द्वारा कार्य प्रमंडल, आरा के अधीन योजनाशीर्ष बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति–2018 MR-N/22-23 Ara/40 (Tender ID- 122282) के तहत मकदुमपुर से बिंदगॉवा कोइलवर बबुरा पथ में आमंत्रित निविदा में भाग लिया गया। जिसमें संवेदक द्वारा यंत्र–सयंत्र से संबंधित गलत कागजात (प्रमाणक) अपलोड किये जाने के कारण मुख्य अभियंता–01 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1438 अनु0 दिनांक 29.05.2023 अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा का पत्रांक 403 अनु0 दिनांक 29.05.2023 के द्वारा संवेदक के निबंधन को काली सूची में डलाने हेतु अनुशंसा की गयी। क्षेत्रीय अभियंताओं से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 2937 दिनांक 05.06.2023 द्वारा संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd. से 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया परन्तु उनके द्वारा स्पष्टीकरण विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया। तदालोक में सम्यक विचारोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 में निहित प्रावधानों के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 3428 दिनांक 30.06.2023 द्वारा संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd. (निबंधन संख्या–1210313) At- A-26, Ashok Puri Colony, Khajpura, Bailey Road, P.O- Veterinary College Patna, Dist-Patna Pincode 800014 को अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किया गया।

**संवेदक का पक्षः–** संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd. द्वारा अपने अपील अभ्यावेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि निविदा में संलग्न प्रमाणक (Voucher) Diamond Scientific traders का है, जिसके भाउचर पर सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, आरा द्वारा अंकित किया गया है कि उक्त नाम का कोई दुकान नहीं है। जबकि यह प्रमाणक जो Retail Invoice है वह वर्ष 2016 का है Retail Invoice जिस समय लिया गया था उस दुकान का था। जिस दुकान का आज की तिथि में नहीं होने के कारण इसे फर्जी नहीं कहा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, आरा द्वारा उपस्थित होकर अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि संदर्भित योजना के निविदा में संवेदक संवेदक Shashi Galvanising Pvt. Ltd द्वारा यत्र–सयत्र के रूप में Diamond Scientific traders का कागजात लगाया गया था जिसका सत्यापन करने हेतु सहायक अभियंता के द्वारा छानबीन कराने के उपरान्त पता चला कि इस कम्पनी का दुकान पटना में नहीं है।

प्रश्नगत मामले की सुनवाई अधोहस्ताक्षर द्वारा दिनांक 03.01.2024 को की गयी थी जिसमें संदर्भित मामले की जॉच कर जॉच प्रतिवेदन 07 (सात) दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा को दिया गया था।

उक्त के आलोक में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, आरा के पत्रांक पत्रांक 78 दिनांक 29.01.2024 द्वारा संबंधित यंत्र–संयंत्र एवं प्रयोगशाला सामग्री के जॉच से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है, जो निम्नवत है:–

1. प्रमाणक में अंकित आपूर्त्तिकर्त्ता के पते की जॉच की गयी उपस्थित लोगो द्वारा यह बतलाया कि यह दुकान अब यहाँ नहीं है।
2. उपर्युक्त के आलोक में प्रमाण में अंकित प्रयोगशाला उपकरणों की भौतिक रूप से जॉच की गयी एवं पाया गया कि अंकित सभी उपकरणों के साथ–साथ अन्य उपकरण भी कार्यकारी स्थिति में है। साक्ष्य स्वरूप Geotag फोटोग्राफ की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न कर उपलब्ध कराया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 3428 दिनांक 30.06.2023 द्वारा अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किये गये आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

**अभियंता प्रमुख का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**बिहार, पटना।**

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–01–43 / 2023 1515 / पटना, दिनांक 19/3/24

निबंधित

प्रतिलिपिः– संवेदिका Shashi Galvanising Pvt. Ltd. (निबंधन संख्या–1210313) At-A-26, Ashok Puri Colony, Khajpura, Bailey Road, P.O- Veterinary College Patna, Dist-Patna को सूचनार्थ प्रेषित।

19/03/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–43 / 2023 1515 / पटना, दिनांक–19/3/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा बिभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/03/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–43 / 2023 1515 / पटना, दिनांक–19/3/24

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–43 / 2023 1515 / पटना, दिनांक–19/3/24

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–43 / 2023 1515 / पटना, दिनांक–19/3/24

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव